कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा

कन्हैया कन्हैया
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा आना पड़ेगा .
वचन गीता वाला निभाना पड़ेगा ॥

गोकुल में आया, मथुरा में आ,॥
छवि प्यारी प्यारी कहीं तो दिखा,
अरे सांवरे देख आ के ज़रा,
सूनी सूनी पड़ी है तेरी द्वारिका,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ......

जमुना के पानी में हलचल नहीं ॥
मधुबन में पहला सा जलथल नहीं ,
वही कुंज गलियाँ वही गोपिआँ,
छनकती मगर कोई झान्झर नहीं ,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ......

कोई तेरी गैयाँ का वाली नही॥
अमानत यह तेरी सम्बली नही,
कई कंस भारत में पैदा हुए,
कपट से कोई घर खाली नही,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1944/title/kanhiya-kanahiya-tujh-ko-ana-pare-ga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |